हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, रविवार, 4 मई 2025
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 24. 0 डिग्री



किसानों ने कलेक्टर से 20 तक पानी देने की रखी मांग



## खबर संक्षेप

### उद्यान के रखरखाव, जिम उपकरण सुधारने दिया ज्ञापन

**जांजगीर-चांपा।** स्वामी विवेकानंद उद्यान ग्रुप चांपा ने सुबह मॉर्निंग वॉक करने वालो ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप नामदेव को उद्यान की रखरखाव एवं जिम उपकरण को सुधारने, टॉयलेट ,बाथरूम बनाने एवं वाटर फिल्टर लगाने उद्यान को हरा भरा रखने के लिए के लिए ज्ञापन सौपा गया। चांपा शहर का हृदय मात्र एक स्वामी विवेकानंद उद्यान है जिसमें बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सुबह शाम सैर करते हैं जिस उद्यान में ना तो पानी पीने की व्यवस्था है ना बाथरूम टॉयलेट की व्यवस्था है और जिम भी अभी पूरी तरह से खराब हो चुका है। स्वामी विवेकानंद उद्यान ग्रुप चांपा के प्रमुख राजेन्द्र जायसवाल राज्यपाल पुरुष्कृत शिक्षक व कृष्णकुमार देवांगन , लक्ष्मी देवांगन व हरि विश्वकर्मा व हरिश पाण्डेय पार्षद व्दारा उद्यान में आने वाली सभी व्यक्तियों का हस्ताक्षर कराकर ज्ञापन सौंपा गया ।

### संविदा भर्ती के लिए कौशल परीक्षा कल

**जांजगीर-चांपा।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों में कुल 48 संवर्गों के जिला स्तर के रिक्त 148 संविदा पदों की भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया था। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि जिसमें 9 संवर्ग के 10 संविदा पदों हेतु कौशल परीक्षा व साक्षात्कार का आयोजन शासकीय नर्सिंग कालेज एवं जिला चिकित्सालय में किया गया था। दावा आपत्ति लिखित में 5 मई तक कार्यालयीन दिवस में समय सायं 5 बजे तक कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी में स्वयं उपस्थित होकर आवेदन जमा कर सकते है।

### आधार कार्ड में पता परिवर्तित करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**अकलतरा।** ग्राम कोटमीसोनार मे फर्जी तरीके से आधार कार्ड में पता परिवर्तन कराने का प्रयास करने वाले पश्चिम बंगाल के युवक को अकलतरा पुलिस के द्वारा गिरफ्तार किया गया है। घटना के संबंध में या जानकारी मिली कि ग्राम कोटमीसोनार की सरपंच रेखा सोनी ने बताया कि उनके घर एक ब्यक्ति आया और अपना परिचय सोनू यादव स्टेशन पारा कोटमीसोनार का होना बताया जो अपने एवं अपनी पत्नि के आधार कार्ड में पता परिवर्तन के फार्म में सील व हस्ताक्षर करने लाया था। पूछताछ करने पर बताया कि वह बचपन से दिल्ली में रहा है। वहीं पूजा यादव से शादी करना बताया। शासन प्रशासन को धोखा देने की नियत से फर्जी आधार कार्ड बनवाकर कुटरचना की लिखित रिपोर्ट पर थाना अकलतरा में धारा 319(2),336(2),336(3) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया था। पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकर करते हुये अलग पते एंव जाति बदल कर बनवाये गये आधार कार्ड पेश करने पर जप्त किया गया। आरोपी द्वारा जुर्म स्वीकार किए जाने से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया।

### 12 फरार वारंटियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**सक्ती।** पुलिस अधीक्षक सक्ती अंकिता शर्मा द्वारा जिला के फरार गिरफतार वारंटियों अधिक से अधिक गिरफतार करने की निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश यादव, अनुविभागीय अधिकारी मनीष कुंवर सक्ती के मार्गदशन पर थाना प्रभारी निरीक्षक लखन पटेल थाना बाराद्वार द्वारा अलग अलग टीम बनाकर 3 मई को 3 स्थायी एवं 9 गिरफतार वारंटियों कुल 12 वारंटियों को गिरफतार कर संबंधित न्यायालय पेश किया गया। मुन्ना लाल साहू, जगदीश प्रसाद, जयसिंह यादव सहित महेत्तर राम, शिवकुमार, श्रीकांत बरेठ, आर्यन सिह, योगेश सिंह सिदार, मनीष कुमार, विजय कुर्रे, महावीर श्रीवास, संत राम गोंड़ को गिरफतार कर न्यायालय में पेश किया गया।

## अंधड़ से खड़ी फसलों को हो रहा भारी नुकसान, बिजली व्यवस्था चरमराई

# बारिश से शहर सहित अंचल तरबतर बैसाख में लगी सावन सी झड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

पिछले कुछ दिनों से बदले हुए मौसम के मिजाज ने दोपहर बाद फिर अपना तेवर दिखाए। आसमान पर काली छटा छाने लगी, फिर अंधड़ के साथ कुछ देर में बारिश होने लगी। तकरीबन आधे घंटे तक झमाझम बारिश हुई। इसके बाद देर रात तक रिमझिम फुहारे पड़ती रही। मौसम के मिजाज बदलने के साथ ही बिजली सप्लाई भी ठप हो गई। जिला मुख्यालय में ही 4 घंटे से अधिक समय तक बिजली गुल रही, जबकि ग्रामीण इलाकों में देर रात तक अंधेरा छाया रहा।

गौरतलब है कि पिछले चार-पांच दिनो से मौसम का मिजाज बदला हुआ है। जिसके चलते तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। शनिवार 3 मई को भी कुछ इसी तरह की स्थिति बनी। दोपहर तक सूरज की किरणें आग बरसा रही थी, लेकिन इसके बाद शाम के समय मौसम का मिजाज पूरी तरह से बदल गया। तकरीबन 4 बजे जिला मुख्यालय जांजगीर सहित अन्य क्षेत्र चाम्पा, अकलतरा, शिवरीनारायण, बलौदा, पामगढ, नवागढ, सारागांव, बम्हनीडीह, बिर्रा, खरौद सहित अन्य क्षेत्रो में अंधड एंव गरज चमक के साथ जमकर बारिश हुई। लगभग आधे घंटे की बारिश से शहर सहित पूरा अंचल तरबतर हो गया, तो इसके बाद रूक रूककर रिमझिम बारिश देर रात तक होती रही। इधर अंधड़ शुरू होने के साथ ही शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रो की बिजली ब्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई। जिला मुख्यालय जांजगीर में ही तकरीबन 3 घंटे तक बिजली गुल रही, तो ग्रामीण इलाकों में घंटो तक बिजली के दर्शन नहीं हुए। इसी प्रकार कई जगहों पर पेड़ गिरने और बिजली खंभा टूटने से घंटो बिजली आपूर्ति ठप रही। अंधड़ का कहर ग्रीष्मकालीन फसलों पर पड़ा। खड़ी फसलें खेतों में गिरने लगी है।



बिर्रा में अंधड़ से सड़क पर गिरा ट्रांसफार्मर व बिजली का खंभा।



अकलतरा का शास्त्री चौक हुआ जलमग्न।

### कई जगह गिरे बिजली के खंभे व पेड़

**बिर्रा।** बिर्रा सहित क्षेत्र के गांवो में 3 मई दिन शनिवार को शाम आए आंधी तूफान के कारण कई घरों के टीन टप्पर के अलावा छप्पर उड़ गए । तेज आंधी तूफान आ जाने के कारण पेड़ पौधे भी सड़क पर धराशाई हो गए हैं। वहीं कई गांव के विद्युत तार में पेड़ गिरने से विद्युत खंभा टूट गए हैं जिसके कारण सड़क में आने जाने वाले राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अंचल में तेज आंधी तूफान के आने और जमकर बारिश होने के कारण बिजली बंद है। तेज आंधी के चलते बिर्रा सहित क्षेत्र के गांवों में बिजली के खंभे और ट्रांसफार्मर धराशायी हो गए। इसके अलावा जगह जगह पर बिजली के तार भी टूटे, इससे विद्युत व्यवस्था बाधित रही।

### आधे घंटे की बारिश में शास्त्री चौक हुआ जलमग्न

**अकलतरा।** नगर के हृदय स्थल शास्त्री चौक में बड़े-बड़े गड्ढे होने एवं पानी निकासी की व्यवस्था नहीं होने के चलते शनिवार की शाम आधे घंटे की बारिश में यहां एक तालाब का स्वरूप नजर आया एवं घुटनों से ऊपर भरे हुए पानी में आवागमन करने में नगर वासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। वैसे तो नगर में अनेक समस्याएं हैं लेकिन नगर के केंद्र में स्थित शास्त्री चौक के चारों ओर समस्याओं का अंबार लगा हुआ है जिसकी ओर नगर पालिका प्रशासन के द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। शास्त्री चौक में बने हुए गड्ढों के चलते आए दिन लोग यहां पर दुर्घटना का शिकार होते हैं वहीं आज आधे घंटे की बारिश ने पूरे गड्ढों को ऐसा भर दिया कि बारिश थमने के बाद भी यहां से गुजरने में लोगों को परेशानी हो रही थी। शास्त्री चौक नगर का मुख्य व्यापारिक स्थल है जहां प्रतिदिन हजारों लोगों का आवागमन होता है लेकिन अव्यवस्था के चलते एक ओर जहां आवागमन करने वालों को परेशानी होती है वही शास्त्री चौक के आसपास के व्यापारियों को भी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। व्यापारियों के द्वारा शास्त्री चौक सहित समस्त मुख्य मार्गों में पानी निकासी की व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की गई है।



घटना स्थल पर चक्काजाम करते ग्रामीण।

## ट्रैक्टर की टक्कर से युवक की मौत, 8 घंटे तक चला चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

सक्ती जिले के डभरा थाना क्षेत्र अंतर्गत किरारी अटल चौक के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक सवार युवक को अपनी चपेट में ले लिया। सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। इधर घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर चक्काजाम कर दिया। मुआवजा मिलने पर 8 घंटे बाद चक्काजाम समाप्त हुआ।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार 2 मई की रात विवेक मालाकार अपनी बाइक से किरारी की ओर आ रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रहे ट्रैक्टर ने बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में विवेक की मौके पर ही मौत हो गई। इधर दुर्घटना को अंजाम देने के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन छोड़कर मौके से भाग निकला। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। आक्रोशित ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रखकर चक्काजाम कर दिया और मुआवजे की मांग को लेकर प्रदर्शन करने लगे। सूचना मिलने पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने ग्रामीणों को समझाईश देने और स्थिति नियंत्रित करने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीण अपनी मांग पर अड़े रहे। ग्रामीणों की मांग थी कि मृतक के परिवार को उचित मुआवजा दिया जाए और दोषी चालक की जल्द गिरफ्तारी हो। प्रशासन व पुलिस की समझाइश के बाद भी जब स्थिति नहीं सुधरी, तब ट्रैक्टर मालिक द्वारा मृतक के परिजनों को 2 लाख रुपये का मुआवजा दिए जाने की सहमति बनी। इसके बाद रात करीब 2 बजे मुआवजा राशि मिलने के बाद ग्रामीणों ने चक्काजाम समाप्त किया और यातायात व्यवस्था बहाल हो सकी। पुलिस अब फरार चालक की तलाश में जुट गई है।

## स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाने की खत्म हुई मियाद, अब प्रशासन के डोजर का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

टेमर समपार पर ओव्हरब्रिज निर्माण के लिए प्रशासनिक स्तर पर तैयारी तेज हो चुकी है। निर्माण कार्य के दायरे में आने वाले अतिक्रमणकारियों को नोटिस दिया जा चुका है। स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाने की तिथि 2 मई निर्धारित की गई थी। यह अवधि अब समाप्त हो चुकी है। ऐसे में प्रशासन अब बुलडोजर चलाकर अतिक्रमण हटाने की तैयारी में है।

**खास बात**

- टेमर समपार में ओव्हरब्रिज निर्माण को लेकर चलेगा बेजाकब्जा हटाओ अभियान

आने वाले समय में ग्राम पंचायत सोठी के टेमर समपार रेलवे फाटक में ओवरब्रिज का निर्माण शुरू होना है। इसके लिए दोनों छोर के सड़क किनारे शासकीय जमीन पर कब्जा करके होटल दुकान मकान ठेला बनाकर निवास करने दुकानदारी करने वाले 26 लोगों को तहसीलदार सक्ती द्वारा नोटिस जारी कर 2 मई तक कब्जा हटा लेने को कहा गया था। साथ ही 2 मई तक बेजा कब्जा नहीं हटाने पर विभाग द्वारा बेदखली की कार्यवाही करने चेतावनी दी गई थी। इसके लिए 25 अप्रैल को नोटिस जारी किया गया था। विभाग द्वारा दी गई अवधि अब समाप्त हो चुकी है। ऐसे में अब प्रशासन की कार्यवाही का इंतजार है। निर्माणाधीन ओव्हरब्रिज के दायरे में दुकान लगाकर व्यवसाय करने वालों का कहना है कि ग्राम सोंठी के 50 से 60 लोग प्रभावित होंगे और उनकी रोजी-रोटी छिन जाएगी। वही कई लोग बेघर हो जाएंगे, तो हरे भरे अर्जुन वृक्ष कट जाएंगे। स्कूल आंगनबाड़ी पंचायत भवन भी प्रभावित होने की बात कही जा रही है। वही ओवर ब्रिज बनने से आने वाले समय में डभरा ब्लॉक में स्थित तीन पावर प्लांट से आने वाले ट्रक सीधा शक्ति सिटी में घुसेंगे जिसके कारण हमेशा दुर्घटना की संभावना बनी रहेगी क्योंकि जिला बनने के बाद शहर का आबादी भी बढ़ते जा रहा है इसके अलावा शासकीय उचित मूल्य दुकानों को भेजे जाने वाले चावल ट्रक भी इसी मार्ग से होकर गुजरेगा तो धान खरीदी के समय धान ट्रक सीधा झूलकदम, शनि मंदिर होकर ही कृषि उपज मंडी पहुंचेगी ऐसे में शक्ति सिटी में ट्रैफिक का दबाव बढ़ जाएगा। ग्राम सोंठी के ग्रामीणों का मांग था कि टेमर समपार पर अंडर ब्रिज बनाया जाता तो छोटे वाहन मोटरसाइकिल पिकअप शक्ति शहर में घुसते जबकि सोंठी के ही श्मशान घाट के पास से ओवर ब्रिज बनाया जाता जिससे की हैवी ट्रक शक्ति शहर में घुसे बगैर ही बोइरडीह रगजा होकर राष्ट्रीय राजमार्ग में पहुंच जाता।



इस मार्ग से हटना है अतिक्रमण।

## मवेशी तस्करी का फरार आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



मवेशी तस्करी करने वाले फरार आरोपी को पामगढ़ पुलिस ने गिरफ्तार किया है। भैंसो में हुई कार्रवाई के दौरान पुलिस को चकमा देकर आरोपी फरार हो गया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए रिमांड पर भेज दिया है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना पर 29 अप्रैल को पामगढ़ पुलिस द्वारा ग्राम भैसो सागौन बाड़ी मेन रोड में घेराबंदी कर राहौद निवासी शिव कुमार चंदेल एवं धरदेई निवासी दीपक यादव सहित 2 अपचार बालक के कब्जे से 42 नग बैल बछड़ा बरामद किया गया था। धरदेई निवासी 45 वर्षीय रमेश यादव घटना के बाद से फरार हो गया था। पुलिस ने मवेशी तस्करी करते पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ छ.ग. कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम के तहत कार्रवाई की। आरोपी शिव कुमार चंदेल एवं दीपक यादव को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है एवं विधि विरूद्ध संघर्षरत बालको को किशोर न्यायालय पेश किया जा चुका है। प्रकरण के फरार आरोपी रमेश यादव की पामगढ़ पुलिस द्वारा लगातार पतासाजी कर रही थी। मुखबिर की सूचना पर रमेश को घेराबंदी कर पकड़ा गया। घटना के संबंध में पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किए जाने पर 3 मई को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। कार्यवाही मे उप निरीक्षक मनोहर सिन्हा थाना प्रभारी पामगढ, सउनि सरोज पाटले, श्याम सरोज ओग्रे, भुनेश्वर साहू एवं थाना पामगढ पुलिस का योगदान रहा।

### आंगनबाड़ी सहायिका की भर्ती के लिए आवेदन 9 तक

**जांजगीर-चांपा।** एकीकृत बाल विकास परियोजना जॉजगीर नवागढ़ 02 में नगर पालिका परिषद जॉजगीर-नैला शहरी क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्रमांक 19 ऑगनबाड़ी केन्द्र वार्ड क्रमांक 18-01 में ऑगनबाड़ी कार्यकर्ता 1 पद के लिए 9 मई तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना जांजगीर नवागढ़ 2 ने बताया कि इच्छूक अभ्याथियों से आवेदन पत्र कार्यालयीन दिवस एवं समय पर 10 बजे से सायं 5.30 बजे तक स्वयं अथवा पंजीकृत डाक से भेजा जा सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।आवेदन पत्र 10 बजे से सायं 5.30 बजे तक स्वयं अथवा पंजीकृत डाक से भेजा जा सकता है।


## पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रम में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित

छः महीना / एक वर्षीय / द्विवर्षीय सर्टिफिकेट एवं डिप्लोमा कोर्स के लिए आवेदन आमंत्रित

**कार्यालय संचालक, केंद्र क्रमांक 86549 मॉडर्न इंस्टिट्यूट ऑफ़ पैरामेडिकल साइंस MIPS रायपुर, (छ.ग.)**

निम्न तालिका अनुसार छ.ग. के विभिन्न जिलों में कक्षा 10 वीं 12वीं के प्राप्तांकों के अनुसार पैरामेडिकल संस्था द्वारा संचालित विभिन्न पैरामेडिकल एवं नर्सिंग सहयोगी पाठ्यक्रम सत्र (2025-26) में प्रवेश, एवं सर्टिफिकेट हेतु आवेदन आमंत्रित है।

**(उपलब्ध एवं प्रस्तावित विभिन्न जिलों के प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम, पाठयक्रम एवं कुल सीटे)***

| केंद्रो की सूचि | मेडिकल लैब टेक्नीशियन | ओटी टेक्नीशियन | नर्सिंग अस्टिटेंट/ नर्सिंग सुपरवाइजर | डिप्लोमा इन डायलिसिस | डिप्लोमा इन योगा टेक्नीशियन | ड्रेसर/ वार्ड ब्वाय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| रायपुर | 40 सीट | 20 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट |
| धमतरी | 30 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 30 सीट |
| बिलासपुर | 40 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट |
| सरायपाली | 30 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 30 सीट |
| जांजगीर | 30 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 30 सीट |

आवेदन हेतु 10वीं 12 वीं कक्षा (किसी भी विषय) में न्यूनतम प्रतिशत :- अनु. जनजाति 42%, अनु. जाति हेतु 45%, अन्य पिछड़ा वर्ग 50%, सामान्य वर्ग 55% या अधिक। विकलांग सैनिक / स्व. संग्राम सैनानि वर्ग के उम्मीदवारो हेतु निर्धारित सीटे आरक्षित है।

**नोट :-** 1. आवेदक, निम्न दिये गए आवेदन पत्र के प्रारूप को कम्प्युटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट से भरे । साथ ही 25 रुपये का डाक टिकट लगा हुआ 10x4 का सफेद लिफाफे मे अपना स्वयं का पता स्पष्ट लिख कर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजे। (आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि एक ही स्वीकार किया जाएगा) 2. चयनित उम्मीद्वारों को कॉल लेटर द्वारा काउन्सलिंग हेतु सुचित किया जाएगा। 3. केवल आवेदक ही काउंसिंग हेतु पात्र होंगे। 4. 10वीं / 12वीं. ओपन परीक्षा दिए हुए विद्यार्थी भी आवेदन कर सकते है। 5. किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते है।

**आवेदन पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि : 30/05/2025 तक**
**आवेदन पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि : 10/06/2025 तक**

**आवेदन हेतु पात्रता**

प्रति,
संचालक
शाखा प्रबंधक केंद्र क्रमांक 86549
मॉडर्न इंस्टिट्यूट ऑफ़ पैरामेडिकल साइंस रायपुर, (छ.ग.)
पिनकोड- 492013

महोदय________________________पाठ्यक्रम में चयन हेतु में अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा रहीं हूं।
आवेदक का नाम________________________
पिता/पति________________________ जन्म तिथि____________
वर्ग अनुज जाति__________अनु जाति__________ अन्य पि. वर्ग__________
सामान्य__________पत्र व्यवहार का पता________________________
________________________ पिन कोड__________
मो. नं.________________________बाट्सअप नं________________
पालक का मो. न________________ कक्षा 12वीं उत्तीर्ण वर्ग________________
में प्राप्त अंक__________ कुल प्रतिशत__________मार्गदर्शन हेतु दूरभाष नं.__________
हस्ताक्षकर________________________ पालक का हस्ताक्षर________________

कार्यालय का पूरा पता। क्षेत्रीय कार्यालय, मॉडर्न इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस (MIPS) जलगृह मार्ग, शीतला चौक के पास भाटागांव रायपुर, (छ.ग.)


### मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

## प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ने शासन के समक्ष रखी मांगें

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ने अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सोपा है सोप का विज्ञापन में उन्होंने शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत मिलने वाली राशि का पूरा भुगतान करने सहित अन्य मांगे रखी है।

प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ने बताया है कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत विगत वर्षों का भुगतान नहीं हुआ है। उन्होंने समस्त आर टी ई की प्रतिपूर्ति राशि शीघ्र ही स्कूलों के खातों में हस्तांतरित करने की मांग की है साथ ही कहा है कि आरटीई की प्रतिपूर्ति राशि प्रतिवर्ष सत्र पूर्ण होने तक विद्यालयों को जारी कर दी जाए। इसी प्रकार विगत 14 वर्षों से आर टी ई की प्रतिपूर्ति राशि में कोई वृद्धि नहीं की गई है । उन्होंने प्राथमिक कक्षाओं की प्रतिपूर्ति राशि को 7 हजार से बढ़ाकर 15 हजार व माध्यमिक कक्षाओं के लिए 11 हजार से बढ़ाकर 18 हजार रुपए तथा उच्च एवं उच्चतर माध्यमिक कक्षाओं की राशि 15 हजार से बढ़ाकर 25 हजार करने, आरटीई के अंतर्गत नामांकित छात्रों को पाठ्य पुस्तक एवं गणेश प्रदान करने हेतु वर्तमान में दी जाने वाली 541 रुपए की राशि को बढ़ाकर 2 हजार तथा उपरोक्त राशि को सभी छात्रों के खातों मे डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित करने की मांग की है। इसी प्रकार अशासकीय विद्यालय में पढ़ने वाली बालिकाओं को भी सरस्वती साइकिल योजना का लाभ, आरटीई पोर्टल की विभिन्न तकनीकी समस्याओं को दूर करने, पूर्व की तरह निजी स्कूलों को शासन द्वारा तदर्थ अनुदान प्रदान की मांग भी रखी है। इस अवसर पर राज्य अशासकीय विद्यालय संचालक संघ के सचिव एवं प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के जांजगीर के अध्यक्ष मनोज पाण्डेय, उपाध्यक्ष अनिल तिवारी, सचिव आलोक शुक्ला, कोषाध्यक्ष प्रतीक अग्रवाल और संरक्षक रोशन केशरवानी ने कलेक्टर को विस्तार से जानकारी दी।



कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के पदाधिकारी।

## खबर संक्षेप



### पुलिस लाइन में विवेचकों हेतु संवेदनशीलता पर विशेष प्रशिक्षण

**कोरबा।** जनता से सौम्य, मर्यादित एवं संवेदनशील व्यवहार को प्रोत्साहित करने के लिए शुक्रवार को पुलिस लाइन में एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस कर्मियों को जनसंपर्क में व्यावहारिक दक्षता एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य करने हेतु मार्गदर्शन प्रदान करना था। प्रशिक्षण सत्र की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी द्वारा की गई। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीतीश ठाकुर, जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारी, अराजपत्रित अधिकारी सहित कुल 55 विवेचक सम्मिलित हुए। प्रशिक्षण में व्यवहार, संवाद कौशल, महिला एवं बाल अपराधों की विवेचना में संवेदनशील दृष्टिकोण पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान विवेचकों ने विवेचना के दौरान आने वाली व्यवहारिक समस्याओं एवं जमीनी कठिनाइयों के संबंध में पुलिस अधीक्षक महोदय से मार्गदर्शन प्राप्त किया, जिनका समाधान स्वयं पुलिस अधीक्षक द्वारा विस्तारपूर्वक समझाया गया।

### निगम आयुक्त ने अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी

**कोरबा।** निगम आयुक्त आशुतोष पांडेय ने प्रशासनिक व्यवस्थांतर्गत अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी है ताकि निर्माण कार्यों को लेकर कोई व्यवधान उत्पन्न ना हो। जारी आदेश अनुसार योजना शाखा अंतर्गत विभिन्न कार्यों की डीपीआर एवं प्राक्कलन, निर्माण स्थल का भूमि आधिपत्य दस्तावेज का परीक्षण से संबंधित समस्त आवश्यक दायित्वों के निर्वहन अधिकारी कर्मचारियों को दिया गया जिनमें कोरबा जोन के लिए अश्विनी दास उप अभियंता, परिवहन नगर जोन के लिए सोमनाथ डेहरे उप अभियंता, कोसाबाड़ी जोन के लिए विनोद कुमार गोड़ उप अभियंता, पं. रविशंकर शुक्ल नगर जोन के लिए आकाश अग्रवाल उप अभियंता, बालको जोन के लिए श्रीमती अंजूलता बरूआ उप अभियंता, दर्री जोन के लिए रितेश सिंह उप अभियंता, सर्वमंगला नगर जोन के लिए प्रमोद जगत उप अभियंता, मानचित्रकार कार्य सुशील कुमार तिवारी, परीक्षण कार्य हेतु अरविन्द कुमार वानखेड़े सहायक कार्यालय अधीक्षक, लिपिकीय कार्य हेतु विकास यादव सहा ग्रेड-3, कम्प्यूटर आपरेटर समयलाल कंवर शामिल हैं।

### सांसद प्रतिनिधि बने मोहन

**कोरबा।** सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत ने मोहन सिंह प्रधान को अपना सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया है। श्री प्रधान को नगर पालिक निगम से संबंधित मामले के लिए सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया है। श्रीमती महंत ने कलेक्टर एवं नगर पालिक निगम के आयुक्त को पत्र प्रेषित कर कहा है कि नगर निगम कोरबा में आयोजित होने वाली बैठक आदि के लिए मेरी ओर से मेरे प्रतिनिधि श्री मोहन प्रधान को अवगत करावें।

### 30 साल बाद भी बाजार में नहीं बन पाया शौचालय

**कोरबा।** ऊर्जाधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति ने बुधवारी बाजार दीपका में शौचालय निर्माण की मांग किया। ऊर्जाधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति ने मुख्य महाप्रबन्धक गेवरा को ज्ञापन सौंपा है, जिसमें उल्लेख किया गया है कि एसईसीएल गेवरा अंतर्गत कर्मचारी आवासीय कालोनी में बुधवारी बाजार (साप्ताहिक बाजार) स्थित है। जहां पर एसईसीएल गेवरा क्षेत्र के कर्मचारियों सहित आसपास के गाँव से हजारों की संख्या में लोग अपनी दैनिक जरूरत के सामग्री खरीदने के लिए आते हैं, सैकड़ों की संख्या में व्यापारी इस बाजार में व्यवसाय करते हैं।

## प्राथमिक व माध्यमिक शाला की संख्या सर्वाधिक

# एक परिसर में चलने वाले तीन सौ से अधिक स्कूल होंगे समायोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राज्य शासन की स्कूलों के युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया शुरु हो चुकी है। 7 मई तक इसकी पूरी रिपोर्ट मांगी गई है। कलेक्ट्रेट में शुक्रवार को हुई इस संबंध में बैठक में उपस्थित विकाखंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। शिक्षा विभाग के मुताबिक एक ही परिसर में चलने वाले प्रायमरी और मिडिल स्कूल समायोजित हो जाएंगे। इनकी संख्या 3 सौ से अधिक है। वहीं 12 हाई व हायर सेकेंडरी स्कूल समायोजित होंगे।

स्कूलों के युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया शुरु होने के बाद जिला प्रशासन ने इसके लिए तेजी से काम शुरु कर दिया है। 16 जून के पूर्व नए पैटर्न पर शिक्षण संस्थानों का संचालन होगा। कोरबा जिले के अंतर्गत आने वाले पांच विकासखंड खंड, कोरबा, कटघोरा, करतला, पाली, पोड़ी उपरोड़ा के अंतर्गत चलने वाले ऐसे प्राइमरी, मिडिल स्कूल समायोजित होंगे जो एक ही परिसर में चल रहे हैं। इसके अलावा एक परिसर में चलने वाले हाई व हायर सेकेंडरी स्कूल भी समायोजित होंगे और इनका नियंत्रण एक प्राचार्य के जिम्मे होगा। केंद्रीय विद्यालय के तर्ज पर इस व्यवस्था को शुरु किया जा रहा है। समायोजित होने से शिक्षकों की संख्या और छात्रों की संख्या के हिसाब से पदस्थापना का कार्य किया जाएगा। 16 जून के पूर्व शिक्षकों की पदस्थापना भी पूरी कर लिए जाने की तैयारी की गई है। युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया शुरु होने से शिक्षकों में भी हड़कंप मचा हुआ है।



बैठक में अधिकारियों ने निर्देश देते कलेक्टर।

### प्रत्येक ब्लॉक में 60 से अधिक स्कूल

युक्तियुक्तकरण अंतर्गत जो जानकारी शिक्षा विभाग से सामने आई है। उसके तहत प्रत्येक ब्लॉक में 60 से अधिक प्राइमरी व मिडिल स्कूल जो एक ही परिसर में चल रहे हैं वह समायोजित हो जाएंगे। प्राइमरी स्कूल मिडिल स्कूल में समायोजित होने के बाद उनका नियंत्रण मिडिल स्कूल के प्राचार्य करेंगे और दोनों स्कूलों में छात्रों के दर्ज संख्या के आधार पर शिक्षकों पदस्थापना होगी।

### पारदर्शिता के साथ की जाए युक्तियुक्तकरण की कार्यवाही

कलेक्टर अजीत वसंत ने शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने राज्य शासन द्वारा दिये गए निर्देशों के तहत जिले में युक्ति युक्तकरण की कार्यवाही पारदर्शिता के साथ बिना पक्षपात के करने के निर्देश डीईओ को दिए। कलेक्टर ने सभी अतिशेष शिक्षकों और विद्यालयों की सूची बनाने, विद्यार्थी-शिक्षक अनुपात के आधार पर क्रम निर्धारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने समय सीमा को ध्यान रखकर युक्तियुक्तकरण की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने डीईओ को यह भी सुनिश्चित करने कहा कि जिन विद्यालयों में एक से अधिक विषय विशेषज्ञ शिक्षक है और जहां कोई भी विषय विशेषज्ञ शिक्षक नहीं हैं। ऐसे विद्यालय से शिक्षकों की सूची तैयार कर उन्हें विषय शिक्षक की कमी वाले विद्यालयों में पदस्थ किया जाए। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने विकासखण्डवार जर्जर विद्यालय भवनों की तथा सौ विद्यार्थियों से अधिक एवं क्षमता से अधिक विद्यार्थियों वाले स्कूलों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने उपलब्ध सूची का परीक्षण कर प्रस्तुत करने के निर्देश जिला पंचायत सीईओ को दिये।

### कहीं शिक्षक बाहर जाएंगे तो कहीं अंदर आएंगे

छात्रों की दर्ज संख्या के हिसाब से शिक्षकों की पदस्थापना के लिए जो नियम बनाए जा रहे हैं व 30 छात्रों के बीच में एक शिक्षक की पदस्थापना वाले नियम का पालन किया जाएगा। इसके तहत जिन स्कूलों में छात्रों की दर्ज संख्या के हिसाब से पदस्थ शिक्षकों की संख्या शासन के दिए गए नियम से अधिक है उन स्कूलों में शिक्षकों को कम शिक्षकों वाले स्कूलों में भेजा जाएगा। इस प्रक्रिया से कहीं शिक्षक अपनी वर्तमान पदस्थापना से बाहर जाएंगे तो कहीं बाहर से शिक्षकों की स्कूल में पदस्थापना की जाएगी।

# पड़ोसी जिले से आए दंतैल ने युवक को उतारा मौत के घाट



दंतैल हाथी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पड़ोसी जिले से देर रात को आ धमके एक दंतैल हाथी ने दिशा मैदान के लिए नाला पहुंचे युवक को पटक पटक कर मौत के घाट उतार दिया। घटना की सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। मामले में वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।मृतक के परिजनों को वन विभाग की ओर से प्राथमिक सहायता की राशि 25 हजार रुपए प्रदान की गई है जबकि घटना के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में दहशत व्याप्त है। हालांकि वन विभाग की टीम हाथी की लगातार ट्रैकिंग कर रही है और प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचकर मुनादी कर लोगों को सजग और सावधान रहने हिदायत दे रही है। पड़ोसी जिला गौरेला पेंड्रा मरवाही के मरवाही वनमंडल से बीती रात एक दंतैल हाथी कटघोरा वन मंडल के पसान रेंज में प्रवेश किया अचानक आ धमके इस हाथी का शुकवार की तड़के शौच के लिए जंगल गए कुम्हारीसानी गांव निवासी 22 वर्षीय रामदयाल पिता रामगोपाल गोंड नामक ग्रामीण युवक से सामना हो गया जिसके बाद हाथी ने ग्रामीण पर हमला कर दिया जिससे ग्रामीण की वहीं मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और मामले में वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।मृत युवक के परिजनों को तात्कालिक सहायता के रूप में वन विभाग की ओर से 25 हज़ार रूपये की आर्थिक सहायता डी गई।



मृतक।

# लोगों से क्षमा मांगने और समाज की सेवा करने की परंपरा सराहनीय: आशुतोष



कार्यक्रम में उपस्थित निगम आयुक्त व समाज के लोग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

निगम आयुक्त आशुतोष पांडे ने पुराना बस स्टैंड जैन भवन में अपोलो हॉस्पिटल के सहयोग से महावीर इंटरकॉन्टिनेंटल सर्विस ऑर्गेनाइजेशन द्वारा आयोजित स्वास्थ्य जांच शिविर का अवलोकन किया। इस दौरान आयुक्त आशुतोष पांडे ने कहा कि जैन धर्म एक अद्भुत धर्म है, जिसमें प्रत्येक वर्ष अपने लोगों से क्षमा मांगने और समाज के प्रत्येक वर्ग की सेवा करने अदभुत परंपरा है। उन्होंने कहा कि अपोलो हॉस्पिटल और महावीर इंटरकॉन्टिनेंटल सर्विस ऑर्गेनाइजेशन का यह संयुक्त प्रयास सराहनीय है और सभी व्यक्तियों को इसका लाभ उठाना चाहिए। इस शिविर में लगभग 2 सौ लोगों ने लाभ उठाया और अपनी स्वास्थ्य जांच करवाई। यह आयोजन न केवल स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने में सफल रहा, बल्कि जैन समाज के मूल्यों और सिद्धांतों को भी प्रदर्शित किया। सूर्य नारायण केसरी ने भी अपोलो हॉस्पिटल एवं महावीर इंटरकॉन्टिनेंटल सर्विस ऑर्गेनाइजेशन की सामाजिक सेवा की तारीफ की और कहा कि यह एक सामाजिक संस्था है जो समय-समय पर शिविर का आयोजन करती रहती है और उन्हें हमेशा सहयोग करती है। महावीर इंटरकॉन्टिनेंटल सर्विस ऑर्गेनाइजेशन और अपोलो हॉस्पिटल के संयुक्त प्रयासों से यह आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष राम सिंह अग्रवाल, राजेंद्र तिवारी, चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के अध्यक्ष योगेश जैन, राजेंद्र जायसवाल, मनोज शर्मा, सभापति नूतन सिंह ठाकुर, पारस जैन, आदि उपस्थित रहे।

# निगम की सामान्य सभा में वन नेशन वन इलेक्शन बहुमत से पारित



निगम की सामान्य सभा में उपस्थित पार्षद।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर निगम की सामान्य सभा में कुल 6 एजेंडों पर मुहर लगाई गई है। जिनमें सबसे प्रमुख वन नेशन-वन इलेक्शन (एक राष्ट्र-एक चुनाव) का एजेंडा था। नगर निगम कोरबा द्वारा वन नेशन-वन इलेक्शन विषय पर समर्थन प्रस्ताव से संबंधित प्रस्ताव को सदन में बहुमत के आधार पर पारित किया गया।

निगम के सभापति नूतनसिंह ठाकुर की अध्यक्षता एवं महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत व आयुक्त आशुतोष पाण्डेय की उपस्थिति में शुक्रवार को नगर निगम की साधारण सभा की बैठक आयोजित की गई। जिसमें पहले एमआईसी द्वारा पारित प्रस्ताव की पुष्टि की गई। इस दौरान नगर निगम द्वारा वन नेशन-वन इलेक्शन (एक राष्ट्र-एक चुनाव) विषय पर समर्थन प्रस्ताव से संबंधी प्रस्तुत प्रस्ताव को इस प्रस्ताव को लेकर नेता प्रतिपक्ष कृपाराम साहू सहित अन्य विपक्षी पार्षदों ने अपना विरोध जताया। हालांकि सदन द्वारा बहुमत के आधार पर पारित कर लिया गया। बैठक के दौरान तीसरे एजेंडे के रूप में पूर्ववर्ती विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण वर्तमान में नगर निगम द्वारा विभिन्न योजनांतर्गत लीज पर आबंटित भूखण्डों के भू-भाटक में वृद्धि के संबंध में प्रस्ताव सदन के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिस पर पक्ष व विपक्ष के बीच लंबी चर्चा देखने को मिली।

### पाकिस्तान के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग

निगम की सामान्य सभा में पाकिस्तान के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग करते हुए निंदा प्रस्ताव पारित कर आतंकवादी हमले पर नाराजगी जताई गई। निर्दलीय पार्षद अब्दुल रहमान की मांग पर सभी पार्षदों ने अपनी सहमति जताई और सदन में पाकिस्तान की आलोचना करते हुए केन्द्र सरकार से सख्त कार्यवाही की मांग की। महापौर ने इस प्रस्ताव पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह राजनीतिक मुद्दा नहीं है, बल्कि हमारे देश की सुरक्षा और नागरिकों के जान का सवाल है। आतंकवाद के खिलाफ हमें निर्णायक व मजबूत कदम उठाने की जरूरत है। निर्दलीय पार्षद अब्दुल रहमान ने सदन में पत्र के जरिए इस मुद्दे को उठाया था, जिसका सभी ने समर्थन किया।

# सफाई कर्मियों की मांगों पर बनी सहमति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



1 मई को सीएसईबी वेस्ट मे कार्यरत सफाई कर्मचारियों को कम वेतन एवं पीएफ नहीं देने के सन्दर्भ में डोमार समाज द्वारा 1 मई को हड़ताल का आव्हान किया गया। डोमार समाज के अध्यक्ष विजय करन कलशे व सिकन्दर उसर वर्षा प्रदेश उपाध्यक्ष भारतीय सफाई कर्मचारी महासंघ राजेश अरखेल, लल्लू गेराव, सत्यनारायण चुहटेल, सुरेश ताम्बे, संतोषी ताम्बे, राजू मालिक की अगुआई में सभी सफाई कर्मचारियों के साथ मजदूर दिवस पर सीएसईबी कॉलोनी के सिविल ऑफिस का घेराव किया गया। इस आंदोलन में अपनी मांगों को अधिकारियों के समक्ष रखा गया। सहमति नहीं बनने के कारण 2 मई को धरना स्थल पर सीएसईबी के अधिकारी मौके पर पहुंचे और मांगों के निराकरण के लिए आश्वासन दिया। उसके बाद सफाई कर्मचारियों ने अपना आंदोलन समाप्त कर दिया है।

# लोगों पर मधुमक्खियों का हमला

**कोरबा।** युवा कांग्रेस नेता सुमित दुहलानी के अंतिम संस्कार के दौरान मलदा घाट मुक्तिधाम पर उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब यहां मधुमक्खियों के झुंड ने एकाएक हमला बोल दिया। मुक्तिधाम पहुंचे नगरवसियों सहित स्व.सुमित दुहलानी के परिजनों, नगर पालिका अध्यक्ष से लेकर लगभग हर कोई मधुमक्खियों के दंश का शिकार हुआ है। कटघोरा मेन रोड निवासी सुमित दुहलानी 36 वर्ष का गुरुवार को आकस्मिक में निधन दिल का दौरा पडऩे से हो गया। शुक्रवार की सुबह के वक्त अंतिम संस्कार के लिए अंतिम यात्रा निवास से प्रारम्भ हुई और वार्ड 10 स्थित मालदा घाट ले जाया गया। इस दौरान एकाएक मधुमक्खियों के झुंड ने हमला करना शुरू कर दिया। जिससे लोगों में हड़कंप मच गया कुछ लोगों ने तो मलदा घाट के तालाब में कूद कर अपनी रक्षा की तो अधिकांश लोग इधर-उधर भागते-छुपते रहे। हमले से कुछ लोग घायल भी हुए जिन्हें कटघोरा के विभिन्न निजी-सरकारी अस्पतालों में पहुंचकर अपना इलाज पानी करना शुरू कर दिया है।

जाँजगीर मार्केट

ब्रान्डेड रेडीमेड कपड़ा शोरूम
COBB कंपनी के कपड़े पर 66% छूट 2 पे 4 फ्री
जान प्लेयर कंपनी के कपड़े पर 33% छूट
फायर सेफ्टी (अग्नि शानय यंत्र) 25% छूट
इंटीरियर सामान फर्नीचर किचन शोरूम 30% छूट
डोर एण्ड डोर (राजकोट) 33% छूट
फायर सेफ्टी रिफलिंग सुविधा उपलब्ध अब आपके शहर जांजगीर में
आदित्य प्लाई एण्ड हार्डवेयर
नेताजी चौक, लिंक रोड, जांजगीर
मो. 6260115021

संजीवनी SPRHC
फिजियोथेरेपी एवं पाईल्स क्लीनिक
पाईल्स बवासीर भगंदर पथरी (बिना ऑपरेशन)
• फ्रेक्चर, प्लास्टर ऑपरेशन के बाद जोड़ो का दर्द, जकड़न, ना मुडना
• कमर, गर्दन, कंधा, घुटना, एड़ी का दर्द
• सियाटिका, वात, लकवा (हाथ, पैर, मुंह)
• नसों से संबंधित दर्द
डॉ. श्रीमती ममता साहू BAMS, MS (Surgery), CGO (Nagpur)
डॉ. योगेश साहू (P.T.) BPT, MPT (Ortho.), CMT, DNHE
परशुराम चौक, डॉ. चन्द्रा हॉस्पिटल के बगल गली में चाम्पा
MO. 9691553615

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
• सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
• ऑपरेशन द्वारा ईलाज
• नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
• टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
• दांतो की नसों का इलाज
• दांतों की सफाई व चमकाना
• दंत प्रत्यारोपण
• मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग — 24x7 इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध
• न्यूमोनिया, पायोथोरेक्स, सेप्टिक शॉक, उल्टी दस्त के साथ बच्चे का सुस्त हो जाना,
• तेज बुखार के साथ झटका आना, ए. आर. डी. एस. बच्चे को लगातार झटके आना,
• पीलिया, जन्म के समय गन्दा पानी पीना व साँस न लेना, हाइपरटेंशन, लीवर फैलियर,
• डाइबिटिक कीटो एसिडोसिस, अस्थमा, बच्चों का बार बार बीमार पड़ना, इमरजेंसी सुविधाएं,
• गहन एवं गंभीर रूप से पीड़ित सभी बच्चों का इलाज हेतु एन.आई.सी.यु., पी.आई.सी.यू. की सुविधा,
• क्रिटिकल केयर विभाग, सभी तरह की आपातकालीन सुविधाएं,
• आकस्मिक दुर्घटना, सर की चोंट, जहर खुरानी, माइग्रेन का इलाज, बिच्छू एवं सर्प दंश का इलाज,
• हृदयघात, छाती में भारीपन / दबाव/ असुविधा या दर्द, गंभीर संक्रमण, साँस फूलना, मलेरिया डेंगू,
• तेज धड़कन, लकवा / पैरालिसिस, अचानक चक्कर आना, गंभीर संक्रमण आदि,
डॉ. दिलीप जैन M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौंदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
यूरोलॉजी विभाग (मूत्र एवं किडनी रोग)
• किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी (PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
• गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना (TURP),
• पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना, • पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना,
• पेशाब में रूकावट व जलन, • महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
• किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, • पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
• पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी. फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
• अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
• कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
सुविधाएं: दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट डॉ. प्रदीप जैन M.B.B.S, M.S, MCh Urology (Mumbai) Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौंदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दंत रोग विभाग
• दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
• दाँतों की नसों का ईलाज (Root Canal Treatment - RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
• टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज (BRACES),
• हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी (IMPLANT), निकालने लगाने वाली बत्तीसी (DENTURES),
• आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
• मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का इलाज (OSMF)
• दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग,
• मुँह व दाँत सम्बंधित अन्य सभी बिमारियों का ईलाज, बच्चों के दंतरोगों का सम्पूर्ण ईलाज
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडोंटिस्ट डॉ. सुमिता जैन B.D.S, M.D.S-Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौंदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
• लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजीरियन डिलीवरी,
• बार बार गर्भपात होने का इलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना,
• बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज,
• नसबंदी, युरिनरी समस्याएं, अनियंत्रित रक्त रिसाव, असमान्यतौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना,
• बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच,
• परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया) का ईलाज,
• बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज,
• अन्य महिलाओं सम्बंधित बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन,
24/7 EMERGENCY SERVICES
सुविधाएं: सोनोग्राफी की सुविधा प्रसवपूर्व जाँच एवं परामर्श
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौंदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जनरल सर्जरी, हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
• पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, आपेंडेक्टमी, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर (पाइल्स),
• फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
• आंतों का फटना, वर्सेक्टमी, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
• सरकम सीज़र (ख़तना), ब्रेस्ट (स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली (गॉलब्लेडर) की
• पथरी का ऑपरेशन, बच्चों के समस्त ऑपरेशन
• एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज, घुटने और कूल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण,
• हड्डी टूटने के सर्जरी, पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी, सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी,
• शोल्डर और बाजु की सर्जरी, कमर दर्द एवं साइटिका, ऑर्थराइटिस,
• गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का इलाज,
सुविधाएं: मॉडुलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल- फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु
सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी- आर्म, पैथोलेब, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई. ई.जी. इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौंदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

3-MAY- JASH-CORIYA-RGH-JANJ-Bhoomi pg-3_Layout 1 5/3/2025 7:26 PM Page 1





वेव्स समिट 2025

# हॉलीवुड नहीं जाएंगी करीना बोलीं- 'भटिंडा की सिखनी हूं'

एजेंसी ⏭ मुंबई

बॉलीवुड में कई स्टार्स हैं जिन्होंने हॉलीवुड में भी काम किया है। तो वहीं कई ऐसे भी हैं जो हॉलीवुड में काम करने की इच्छा जता चुके हैं। हालांकि, बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री करीना कपूर का ऐसा कहना है कि वो बॉलीवुड में काम करके खुश हैं और उन्हें हिंदी गानों पर डांस करने में बहुत मजा आता है। करीना कपूर ने ये बातें मुंबई में चल रहे वेव्स समिट 2025 में हिस्सी लेने के दौरान कहीं। चार दिवसीय वेव्स समिट के दूसरे दिन अभिनेत्री करीना कपूर भी इस इवेंट का हिस्सा बनीं और उन्होंने कई मुद्दों पर बात करते हुए अपनी राय रखी।

अभिनेत्री के साथ करण जौहर ने चर्चा की, जहां उन्होंने हिंदी सिनेमा को लेकर खुलकर अपने विचार रखे। इस दौरान करण जौहर ने करीना कपूर को 'कॉफी विद करण'में उनके द्वारा बॉलीवुड कलाकारों के हॉलीवुड में काम करने पर दिए गए बयान को दोहराया और उससे जुड़ा सवाल किया। करीना ने शो में कहा था कि 'सब बस पकड़-पकड़ के हॉलीवुड जा रहे हैं।' उनके इस बयान को याद दिलाते हुए करण ने वेव्स में करीना से हॉलीवुड की योजनाओं के बारे में पूछा। इसका जवाब देते हुए करीना ने कहा, "मैं तो यहीं पे हूं। मैं अपनी भारतीय फिल्मों और अभिनय से बहुत खुश हूं। बड़ा मजा आता है हमारे हिंदी फिल्मी गानों पर डांस करने में। बड़ा मजा आता है हिंदी डायलॉग बोलने में। भटिंडा की सिखनी हूं भाई।"

### हर लड़की को बोलना चाहिए 'मैं अपनी फेवरेट हूं'

*आगे करण जौहर ने करीना के 'जब वी मेट'के मशहूर डायलॉग 'मैं अपनी फेवरेट हूं'को लेकर बात की। जिस पर करीना ने कहा, 'यह लाइन हर महिला को खुद से प्यार करने की याद दिलाती है। ये लाइन बहुत ही महत्वपूर्ण है क्योंकि हर लड़की, हर महिला को हमेशा यह लाइन बोलनी चाहिए कि मैं अपनी फेवरेट हूं बॉस। मुझे लगता है कि यह सबसे अच्छी बात है।' वर्कफ्रंट की बात करें तो करीना कपूर आखिरी बार पिछले साल दीपावली पर आई रोहित शेट्टी की फिल्म 'सिंघम अगेन' में नजर आई थीं। करीना अब अपनी आगामी फिल्म 'दायरा' को लेकर चर्चाओं में बनी हुई हैं।*

## वेव्स इवेंट से फिल्म इंडस्ट्री को होगा फायदा



मुंबई। फिल्म इंडस्ट्री के कई सितारे इन दिनों वेव्स समिट में पहुंच रहे हैं। साउथ एक्टर कार्ति भी इस इवेंट में शामिल हुए। एएनआई से बात करते हुए कार्ति ने वेव्स समिट कराने को लेकर सरकार की तारीफ की। एक्टर का मानना है कि इस समिट से एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री को फायदा होगा। सिनेमा को एक इंडस्ट्री का दर्जा हासिल होगा, जिससे एक्टर्स, डिस्ट्रिब्यूटर को मदद मिलेगी। कार्ति कहते हैं, 'एक मंच पर क्रिएटर, एक्टर्स को लाना अच्छी पहल है। मुझे उम्मीद है कि ये इवेंट हर साल जारी रहेगा। इससे फिल्म, एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री को फायदा मिलेगा, बढ़ावा मिलेगा। एक बार जब सरकार सिनेमा को इंडस्ट्री का दर्जा देगी तो मुझे उम्मीद है कि सिनेमाघरों के लिए टैक्स पॉलिसी, परमिशन पॉलिसी बनाई जाएंगी, यह काम फिर काफी आसान हो जाएगा।'


### नागार्जुन ने पहल को सराहा

कार्ति के अलावा वेव्स समिट में साउथ एक्टर नागार्जुन भी पहुंचे थे। एएनआई से ही की गई बातचीत में नागार्जुन कहते हैं, 'मुझे इस समिट का हिस्सा बनकर खुशी हो रही है। यह इवेंटर फिल्म-मीडिया इंडस्ट्री के लिए भारत सरकार की एक बेहतरीन पहल है।'

### सिंगर बादशाह ने बड़ा कदम बताया

सिंगर-रैपर बादशाह ने भी वेव्स समिट को लेकर कहा, 'मुझे यकीन है कि यह पीएम मोदी की प्राथमिकताओं में से एक है। मैं इसमें लोगों की दिलचस्पी देख सकता हूं। मुझे लगता है कि यह दुनिया में बॉलीवुड के अलावा भारत को एक सॉफ्ट पावर की तरफ एक बड़ा कदम है।'

## हमें और अधिक थिएटर्स खोलने की जरूरत



मुंबई। अभिनेता आमिर खान का मानना है कि भारत को और अधिक थिएटरों में इन्वेस्ट करने की बहुत जरूरत है। वेव्स समिट समिट 2025 के दूसरे दिन 'स्टूडियोज ऑफ द फ्यूचरः पुटिंग इंडिया ऑन वर्ल्ड स्टूडियो मैप'विषय पर बोलते हुए आमिर खान ने यह बात कही। साथ ही अभिनेता ने कहा कि भारत एक फिल्म प्रेमी देश है, लेकिन इसके अधिकांश लोगों की सिनेमा तक पहुंच नहीं है। वेव्स समिट के दूसरे दिन बोलते हुए आमिर खान ने कहा, 'मेरा मानना है कि हमें भारत में और अधिक विभिन्न प्रकार के थिएटर की जरूरत है। देश में ऐसे जिले और कई बड़े क्षेत्र हैं, जहां एक भी थिएटर नहीं है। मुझे लगता है कि बीते दशकों में हमने जो भी परेशानियां झेली हैं, वे अधिक स्क्रीन होने के बारे में हैं। मेरा मानना है कि हमें इसी में इन्वेस्ट करना चाहिए। भारत में बहुत ज्यादा संभावनाएं हैं, लेकिन यह तभी पूरी हो सकती हैं, जब आपके पास देश भर में अधिक स्क्रीन हों। अगर ऐसा नहीं है, तो लोग फिल्में नहीं देखेंगे।'

### अमेरिका और चीन से हैं पीछे

आगे आंकड़ों पर बात करते हुए एक्टर ने कहा, "सिनेमा स्क्रीन की संख्या के मामले में भारत अमेरिका और चीन से बहुत पीछे है। देश की क्षमता और यहां रहने वाले लोगों की संख्या के हिसाब से हमारे पास बहुत कम थिएटर हैं। मुझे लगता है कि हमारे पास लगभग 10,000 स्क्रीन हैं। अमेरिका में जिसकी आबादी भारत की एक तिहाई है, उनके पास 40,000 स्क्रीन हैं। इसलिए वे हमसे बहुत आगे हैं। जबकि चीन में 90,000 स्क्रीन हैं।

## श्रद्धा ने एडम मोसेरी का मुंह कराया मीठा, खिलाई घर पर बनी पूरन पोली



मुंबई। 'वेव्स 2025' का आगाज 1 मई को हो गया है। इस समिट में सिनेमा की दुनिया की कई दिग्गज हस्तियां शिरकत कर रही हैं। कार्यक्रम के दूसरे दिन आमिर खान और करीना कपूर खान के बाद, श्रद्धा कपूर ने इंस्टाग्राम के प्रमुख एडम मोसेरी के साथ बातचीत की। इस दौरान श्रद्धा कपूर ने मोसेरी के साथ जेन जेड कंटेंट का उपभोग कैसे करते हैं विषय पर चर्चा की। अभिनेत्री श्रद्धा कपूर ने एडम मोसेरी का स्वागत पूरन पोली खिलाकर किया। सत्र शुरू होने से पहले अभिनेत्री श्रद्धा कपूर ने इंस्टाग्राम के हेड एडम मोसेरी का स्वागत किया। अभिनेत्री उनके लिए घर का बना पूरन पोली लेकर आईं। अभिनेत्री ने कहा, 'मुझे पता है कि आप फैंसी जगहों पर खाना खा रहे हैं और आपने भारतीय भोजन का स्वाद चखा है। मैं चाहती हूं कि आप यह महाराष्ट्रीयन मिठाई आजमाएं जिसे पूरन पोली कहा जाता है। यह मेरे घर पर बनी है।'इसके बाद एडम मोसेरी ने इसका लुत्फ उठाया।

### रणवीर दीपिका के साथ किया डिनर


इससे पहले एडम मोसेरी ने बॉलीवुड के पॉवर कपल कहे जाने वाले रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण के साथ बुधवार की शाम डिनर किया था। वह रणवीर-दीपिका के साथ मुंबई के एक रेस्तरां में एक साथ नजर आए थे। मोसेरी ने इंस्टाग्राम पर डिनर आउटिंग की एक सेल्फी भी शेयर की थी। तस्वीर को कैप्शन देते हुए मोसेरी ने लिखा था, 'मुझे आज शाम बॉम्बे में दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह जैसे पावर कपल से मिलने का मौका मिला साथ ही कुछ बेहतरीन खाने का मजा लिया।'

## लाइका ग्रुप और महावीर जैन फिल्म्स ने किया बड़ा ऐलान, वैश्विक स्तर की बनाएंगे नौ फिल्में



मुंबई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'वेव्स 2025' के विजन से प्रेरित होकर लाइका ग्रुप (यूके-यूरोप) और महावीर जैन फिल्म्स ने भारतीय सिनेमा को वैश्विक मंच पर ले जाने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। दोनों ने मिलकर अगले दो-तीन साल में नौ ऐसी फिल्में बनाने का ऐलान किया है, जो भारत की समृद्ध संस्कृति और कहानियों को दुनिया तक पहुंचाएंगी। यह साझेदारी 'वेव्स' समिट की पहल का हिस्सा है, जिसका लक्ष्य भारत को वैश्विक कंटेंट निर्माण का केंद्र बनाना है। लाइका प्रोडक्शंस को रजनीकांत की 'रोबोट 2.0' और मणिरत्नम की 'पोन्नियिन सेल्वन' फ्रेंचाइजी के लिए जाना जाता है। अब यह प्रोडक्शन हाउस महावीर जैन फिल्म्स के साथ मिलकर नई कहानियां गढ़ेगा। महावीर जैन फिल्म्स ने 'ऊंचाई' जैसी फिल्म के साथ अपनी पहचान बनाई है। यह अब कार्तिक आर्यन की 'नागजिला', विक्रांत मैसी अभिनीत श्री श्री रविशंकर की बायोपिक, इम्तियाज अली के साथ दोस्ती पर आधारित फिल्म और ग्रैंडमास्टर विश्वनाथन आनंद की बायोपिक जैसे प्रोजेक्ट्स पर काम कर रही है। 'वेव्स' समिट में लाइका ग्रुप के चेयरमैन डॉ. अल्लिराजा सुबास्करन और महावीर जैन ने सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ एल मुरुगन से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने भारतीय सिनेमा को वैश्विक स्तर पर ले जाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई।

## टीवी मसाला



## एजाज खान के शो 'हाउस अरेस्ट' में दिखाई गंदगी

मुंबई। ओटीटी पर दिखाए जा रहे अश्लील कंटेंट को लेकर अक्सर विवाद होता है और सोशल मीडिया पर लोग अपनी नाराजगी जाहिर करते हैं। अब ऐसे ही एक अश्लील कंटेंट को लेकर शिवसेना (यूबीटी) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने अपनी कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। दरअसल, एजाज खान के शो 'हाउस अरेस्ट' का एक अश्लील सीन वाला क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसके खिलाफ यूजर्स समेत प्रियंका चतुर्वेदी ने भी आवाज उठाई है। विवाद पर प्रतिक्रिया देते हुए शिवसेना सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि उन्होंने इस मुद्दे को संसदीय स्थायी समिति के समक्ष उठाया है और जवाब का इंतजार कर रही हैं। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'मैंने स्थायी समिति में यह मुद्दा उठाया है कि उल्लू ऐप और ऑल्ट बालाजी जैसे ऐप अश्लील सामग्री के लिए सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा लगाए गए प्रतिबंध से बच निकलने में कामयाब रहे हैं। मैं अभी भी उनके जवाब का इंतजार कर रही हूं।' प्रियंका ने आगे कहा कि 14 मार्च, 2024 को सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने 18 ओटीटी प्लेटफॉर्म को ब्लॉक कर दिया था, जो अश्लील और पोर्नोग्राफिक कंटेंट स्ट्रीम करते पाए गए थे। सरकार द्वारा ब्लॉक किए गए एप मुख्य रूप से अश्लील सामग्री वितरित करने वाले प्लेटफॉर्म थे।

### आपत्तिजनक वीडियो अपलोड करने पर अभिनेत्री ने पैपराजी को लताड़ा

मुंबई। मशहूर टीवी अभिनेत्री हुनर हाली को हाल ही में मुंबई की सड़कों पर वॉर्डरोब मालफंक्शन का सामना करना पड़ा। इसके बाद अभिनेत्री का यह वीडियो सोशल मीडिया पर एक पैपराजी पेज द्वारा शेयर कर दिया गया।



इसकी आलोचना करते हुए अभिनेत्री ने इसे पब्लिसिटी स्टंट कहने वाले ट्रोल्स को करारा जवाब भी दिया है। उनका साथ 'पुष्पा 2' फेम अभिनेत्री आंचल मुंजाल ने भी दिया। आंचल ने वीडियो शेयर करने के लिए एडमिन की आलोचना की और इसे शर्मनाक बताया। अभिनेत्री हुनर हाली ने बताया कि वीडियो उनकी सहमति के बिना शूट किया गया था। उन्होंने कहा, 'यह एक मानवीय चीज है, डेली लाइफ में होने वाली घटनाओं की अप्रत्याशित प्रकृति। मेरी सहमति के बिना इस तरह के वीडियो को कैप्चर करना और अपलोड करना, सनसनीखेज बनाने के लिए इसका फायदा उठाना और मेरे शरीर पर अनुचित तरीके से ध्यान केंद्रित करना पैपराजी का व्यक्तिगत निर्णय था।' अभिनेत्री ने कहा, एक अजीब सी गलती थी।

## 'रेड 2' का बॉक्स ऑफिस पर जलवा द भूतनी से आगे निकली थंडरबोल्ट्स

मुंबई। गुरुवार 1 मई को अजय देवगन की 'रेड 2' ने सिनेमाघरों में दस्तक दिया। यह फिल्म अजय देवगन की साल 2018 में आई 'रेड'की सीक्वल है। 'रेड 2' ने पहले दिन अच्छा-खासा कलेक्शन किया है। इसके साथ ही संजय दत्त की हॉरर कॉमेडी फिल्म 'द भूतनी' भी रिलीज हुई, लेकिन फिल्म ने पहले दिन ही निराश कर दिया। कमाई के मामले में यह लाखों के आंकड़े में ही रह गई। 'द भूतनी'से बेहतर एमसीयू की 'थंडरबोल्ट्स'ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर कमाई की है। दूसरी ओर 'केसरी 2' ने भी अपने पांव जमाए रखे हैं।



*रेड 2 : अजय देवगन ने 'रेड 2' से दमदार वापसी की है। अभिनेता की पिछली कुछ फिल्में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई थीं। इस साल की शुरुआत में अजय देवगन 'आजाद'में नजर आए थे। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह पिटी थी। इस फिल्म से उनके भतीजे अमन देवगन और रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी ने डेब्यू भी किया है। गुरुवार को 'रेड 2' ने बॉक्स ऑफिस से 18.25 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया।*

**द भूतनी**: अजय देवगन की 'रेड 2' का सामना करने के लिए संजय दत्त की 'द भूतनी' सिनेमाघरों में उतरी थी, लेकिन यह फिल्म कमाल नहीं कर पाई। इस हॉरर कॉमेडी फिल्म 'द भूतनी' में संजय दत्त, मौनी रॉय और पलक तिवारी जैसे कलाकार हैं। बावजूद इसके फिल्म की कमाई का आंकड़ा लाखों में ही रहा। ओपनिंग डे पर फिल्म ने महज 65 लाख रुपए का कलेक्शन किया है।

### थंडरबोल्ट्स

एमसीयू की हॉलीवुड फिल्म 'थंडरबोल्ट्स'ने भी भारतीय बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन अच्छा प्रदर्शन किया है। फिल्म के ओपनिंग डे कलेक्शन की बात करें तो इसने चार करोड़ रुपए का कलेक्शन किया है।

### केसरी 2

इस बीच अक्षय कुमार की फिल्म 'केसरी 2' ने बॉक्स ऑफिस पर अपने पांव जमा रखे हैं। फिल्म की कमाई में गिरावट तो आई है, लेकिन बहुत ज्यादा नहीं। नई फिल्मों के आने से उस पर कुछ खास असर पड़ता हुआ दिखाई नहीं दिया। फिल्म ने गुरुवार को 1.80 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। इसी के साथ फिल्म की कुल कमाई 74.75 करोड़ रुपए हो गई है।

## 44 की उम्र में कपूर खानदान की बेटी की बॉलीवुड में एंट्री

मुंबई। बॉलीवुड में एक और स्टारकिड की एंट्री होने जा रही है। वो भी बॉलीवुड के सबसे बड़े फिल्मी घराने से। जी हां, सही सुना आपने कपूर खानदान से अब एक और इंसान फिल्मी दुनिया में कदम रखने जा रहा है। सबसे खास बात ये है कि करिश्मा कपूर और करीना कपूर के बाद कपूर खानदान से पहली बार कोई एक्ट्रेस के तौर पर बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रहा है। ऋषि कपूर और और नीतू कपूर की बेटी और रणबीर कपूर की बहन रिद्धिमा साहनी अपने ओटीटी डेब्यू के बाद अब फिल्मों में एंट्री करने जा रही हैं।



इसका खुलासा खुद रिद्धिमा ने किया है। रिद्धिमा कपूर ने अपने बारे में बड़ा खुलासा किया और अपने फिल्मी डेब्यू के बारे में जानकारी दी। फिल्म के बारे में ज्यादा जानकारी न देते हुए रिद्धिमा ने बताया, 'फिल्म की शूटिंग जून तक पहाड़ों पर होगी। मैं और पूरी फैमिली इसके लिए काफी उत्साहित है। मैं शूटिंग के दौरान मां के साथ रही और हमने रिहर्सल भी किया। गर्मियों की छुट्टी में मेरी बेटी समायरा भी मुझसे मिलने आएगी। मैं स्क्रिप्ट की फोटोज फैमिली में भेजती रही और फिर मुझे सजेशन और सपोर्ट मिलता रहा।' रिद्धिमा ने आगे फिल्मी डेब्यू के बारे में बात करते हुए कहा, 'मैंने इसकी योजना नहीं बनाई थी। जब मुझसे संपर्क किया गया, तो मैंने बस हां कह दिया।

## सस्पेंस और रहस्य से भरी 'पुणे हाईवे' का ट्रेलर जारी



मुंबई। अमित साध और जिम सरभ जैसे शानदार अभिनेताओं से सजी फिल्म 'पुणे हाईवे' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। यह ट्रेलर सस्पेंस, ड्रामा और रहस्य से भरी एक ऐसी कहानी की झलक देता है, जो दोस्ती के अटूट बंधन को केंद्र में रखती है। यह फिल्म 16 मई को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। बग्स भार्गव कृष्णा और राहुल दाकुन्हा के निर्देशन में बनी यह फिल्म एक समीक्षकों द्वारा सराहे गए नाटक पर आधारित है और इसे ड्रॉप डी फिल्म्स व टेन ईयर्स यंगर प्रोडक्शंस ने प्रोड्यूस किया है। ट्रेलर की शुरुआत दोस्तों की हंसी-मजाक से होती है, लेकिन जल्द ही माहौल गंभीर हो जाता है। सवाल उठता है- क्या ये दोस्त सच का साथ देंगे या रहस्य को दफन कर देंगे? 'पुणे हाईवे' की कहानी तीन बचपन के दोस्तों के इर्द-गिर्द घूमती है, जिनका एक सामान्य सा वीकेंड ट्रिप तब भयावह हो जाता है, जब उन्हें एक लाश मिलती है। यह घटना उनकी जिंदगी को उथल-पुथल कर देती है और उन्हें एक मर्डर मिस्ट्री के भंवर में खींच लेती है। ट्रेलर में दिखाया गया है कि कैसे यह तीनों दोस्त डर, अपराध करने के बोझ और नैतिकता पर जीत पानी की कोशिश करते हैं। उनकी दोस्ती उनके बीच उनकी वफादारी की परीक्षा लेती है।

**दिलीप-नरगिस के साथ किया डेब्यू, फिर बैक टू-बैक दी 6 सुपरहिट फिल्में**

## पिता से मिली घड़ी 50 रुपए में बेच मुंबई पहुंचा था ये एक्टर

नई दिल्ली। हिंदी सिनेमा के जुबली कुमार कहे जाने वाले एक्टर राजेंद्र कुमार एक बेहतरीन एक्टर रहे हैं। उन्होंने कड़ी मेहनत के बाद फिल्म इंडस्ट्री में मुकाम बनाया था। तकरीबन 7 साल तक फिल्म इंडस्ट्री से जुड़ने के बाद उन्हें एक हिट फिल्म मिली थी, जिसके बाद उन्होंने हिंदी सिनेमा की तमाम बड़ी-बड़ी एक्ट्रेस संग काम किया था। राजेंद्र कुमार ने एक्टिंग के साथ-साथ फिल्म निर्देशन में भी हाथ आजमाया और हिट फिल्में दीं। एक दौर था, जब राजेंद्र कुमार की फिल्में बॉक्स ऑफिस पर हफ्ते-हफ्ते तक छाई रहती थी। इसी के चलते उन्हें जुबली कुमार का नाम मिला था। वहीं, एक दौर ऐसा भी था जब वह महज 50 रुपये लेकर मायानगरी मुंबई पहुंचे थे।



### मदर इंडिया के बाद कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा

*राजेंद्र कुमार ने पिता से मिली घड़ी को 50 रुपए में बेचकर मुंबई का टिकट कटवा लिया था। गीतकार राजेंद्र कृष्ण की मदद से 150 रुपए महीने सैलरी पर उन्हें डायरेक्टर एचएस रवैल संग बतौर असिस्टेंट डायरेक्टर काम मिल गया। 1950 में उन्हें ट्रेजडी किंग दिलीप कुमार की फिल्म में एक रोल मिला। इसके बाद 1950 से 1957 तक उन्होंने खूब संघर्ष किया और साल 1957 में फिल्म मदर इंडिया में उन्हें नरगिस के बेटे के रोल में देखा गया और फिल्म हिंदी सिनेमा में इतिहास बन गई। इसके बाद एक्टर ने फिर कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा।*

### सोने के लिए किराए पर लिया करते थे खाट

फिल्म मदर इंडिया में राजेंद्र कुमार का काम पसंद किया गया और फिर उन्हें फिल्में मिलने लगी। उनकी 6 फिल्मों ने बैक-टू-बैक बॉक्स ऑफिस पर गदर मचा दिया था। एक्टर की कई फिल्में सिनेमाघरों से हटती तक नहीं थी। बता दें, मुंबई में एक एक्टर ने एक वक्त ऐसा भी देखा था जब वह सोने के लिए किराए पर खाट लिया करते थे। वह मुंबई आने के बाद बॉम्बे गेस्ट हाउस में ठहरे थे, जहां कभी धर्मेंद्र और राजकुमार ने शरण ली थी. एक्टर की हिट फिल्मों में मदर इंडिया के अलावा मेरे महबूब, संगम, आई मिलन की बेला, आरजू, सूरज, गीत, गंवार, आप आए बहार आई और ललकार शामिल हैं। एक्टर को आखिरी बार साल 1993 में आई फिल्म फूल में देखा गया था।

## खबर संक्षेप

### प्रान्त स्तरीय शास्त्रीय संगीत कार्यशाला बिर्रा में 10 से

**बिर्रा।** ससंस्कार भारती छत्तीसगढ़ द्वारा देव पब्लिक स्कूल भटगांव रोड बिर्रा में प्रान्त स्तरीय शास्त्रीय संगीत (गायन एवं वादन) की पंच दिवसीय आवासीय कार्यशाला 10 से 14 मई तक आयोजित की जा रही है। जिसमें प्रशिक्षक के रूप में किशन देवांगन, बी हाई ग्रेड रेडियो आर्टिस्ट, एवं तबले में दीपक दास महंत ए ग्रेड रेडियो आर्टिस्ट (खैरागढ़) रहेंगे। प्रतिभागियों की योग्यता बी.ए विशारद अथवा अलंकार / एम.ए (संगीत) रखी गयी है। कार्यक्रम का उद्घाटन सत्र 10 मई को सुबह 10 आयोजित होगा। कार्यक्रम का समापन सत्र (प्रत्यक्षीकरण) 14 मई को दोपहर 3 से मनाया जाएगा। जिसमे जेष्ठ - श्रेष्ठ संगीत गुणियों द्वारा मार्गदर्शन प्राप्त होगा। इस कार्यक्रम को सफलता पूर्वक आयोजित कराने हेतु संस्कार भारती जिला सक्ति से के. आर. कश्यप जिलाध्यक्ष,आर के सोनवानी कार्यकरी अध्यक्ष मनोज कुमार तिवारी महामंत्री,रेशमलाल कश्यप उपाध्यक्ष,भानु प्रकाश जायसवाल कोष प्रमुख ,दुष्यंत साहू कोष सह प्रमुख), पं.बी.पी.शुक्ला संगीत विद्या संयोजक, जयंत कश्यप जिला सह महामंत्री चंदन कश्यप जिला मंत्री आईटी, एन आर भाद्रोद्वाज श्रवण थवाईत,के एल यादव, आदि कार्यकर्ता जुटें हुए हैं। उक्ताशय को जानकारी मनोज तिवारी जिला महामंत्री द्वारा दी गई।

### बहेराडीह किसान स्कूल में गायत्री महायज्ञ कल से

**बहेराडीह।** स्कूल बहेराडीह में गत वर्ष की भांति 5 मई को सुबह 8 बजे गायत्री यज्ञ का आयोजन किया गया है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल बहेराडीह के संचालक दीनदयाल यादव ने बताया कि किसान स्कूल की स्थापना कृषि क्षेत्र में युवा पीढ़ी को जोड़ने, जैविक कृषि को बढ़ावा देने, एकीकृत कृषि प्रणाली पर जोर देने तथा कृषि को ब्यापार के रूप में अपनाने की जरूरत को लेकर छत्तीसगढ़ राज्य के किसानों के सहयोग से किया गया है। वहीं देशी बीजों को संरक्षित करने, विलुप्त चीजों को सहेजने का काम किसान स्कूल में किसानों के सहयोग से निरंतर प्रयास किया जा रहा है।

### सांसद की पहल पर बस स्टैण्ड बाजार चौक में लगा सोलर मास्ट लाइट



**बिर्रा।** बसस्टैड़ बाजार चौक में सोलर मास्ट लाईट की रोशनी से जगमगा उठा। सभी ग्रामीणो एवं पंचायत ने सांसद कमलेश जागड़े के प्रति आभार व्यक्त किया। लंबे समय से बसस्टैण्ड बाजार चौक में सौलर मास्ट लाईट व रोड़ डिवाइडर की मांग को लेकर सरपंच श्रीमती पीलीबाई एकादशियां साहू पंचो ने सांसद से मुलाकात करके दो मांगो लेकर लिखित में शिकायत की गई थी। जिस पर सांसद कमलेश जागड़े ने मामले को लेकर सभी पंचायत प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया गया कि जल्द ही लोगों की जायज मांग को पूरी करने का आश्वासन दिया गया था। सांसद कमलेश जागड़े ने अपने सांसद निधि से ग्राम पंचायत बिर्रा के बसस्टैण्ड चौक व बाजार में इंस्टालेशन आफ द हाईब्रिड सोलर मास्ट लाईट के बाद सोलर मास्ट लाईट को चालू किया गया तथा इस सौलर मास्ट लाईट की रोशनी से जगमगा उठा। पंचायत सरपंच श्रीमती पीलीबाई एकादशियां साहू, उपसरपंच गोपाल कश्यप, पंच बलराम कश्यप, एकांश पटेल, जगदीश, बंजारे प्रकाश देवांगन, बुद्धेश्वर देवांगन हेमन्त साहू, छोटे लाल केंवट, राधेश्याम केशरवानी, विमला चौहान छतबाई कर्ष राहुल के भोला देवांगन के अलावा पंच गण व ग्रामीण जन शामिल थे।

### खरौद में छत्तीसगढ़ कवि सम्मेलन का आयोजन कल

**खरौद।** धार्मिक नगरी खरौद में छत्तीसगढ़ी कवि सम्मेलन 5 मई को कुंजबिहारी साहू की स्मृति में रखा गया है। छग की काशी के नाम से विख्यात धार्मिक नगरी खरौद में लक्ष्मणेश्वर मंदिर के सामने 5 मई को रात्रि 8 बजे से छत्तीसगढ़ी कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। छग के ख्यातिलब्ध कवि शिरकत करेंगे। कवि सम्मेलन में रायपुर के वरिष्ठ कवि मीर अली मीर, अकलतरा के बंशीधर मिश्रा, जांजगीर के अरुण तिवारी, सीपता-बिलासपुर के शरद यादव अक्स, कोटा की सोमप्रभा नूर, मौहाडीह-बाराद्वार के कौशल दास महंत, रतनपुर के बाल मूकुंद श्रीवास और खोखरा-जांजगीर के कवि अनुभव तिवारी के द्वारा शानदार प्रस्तुति दी जाएगी। कवि सम्मेलन के आयोजन के लिए तैयारी जोर शोर से की जा रही है। लक्ष्मणेश्वर मंदिर के सामने पंडाल बनाया जा रहा है।

## निधन

### छबिलाल पाण्डेय



**चांपा।** समीपस्थ ग्राम पचोरी निवासी ब्राम्हण समाज के प्रतिष्ठित नागरिक एवं सेवानिवृत्त प्रधान पाठक छबिलाल पाण्डेय का शनिवार 3 मई को सुबह निवास पर निधन हो गया। वे 85 वर्ष के थे। स्व. पाण्डेय अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए। उनका अंतिम संस्कार दोपहर को ग्राम के सार्वजनिक मुक्तिधाम में किया गया। जहां बड़ी संख्या में परिजन, सजातीय बंधु समेत ग्राम के गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

## तीसरे और अंतिम चरण में 5 से लगेगा समाधान शिविर

# सुशासन तिहार में मिले मांग और शिकायतों के सवा लाख आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

आमजनों की समस्याओं के निराकरण के लिए सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान जिले में अब तक मांग और शिकायतों के 1 लाख 27 हजार से अधिक आवेदन प्रशासन को मिले है। इनमें से 1 लाख 12 हजार 89 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है। पिछले और अंतिम चरण के समाधान शिविर का आयोजन 5 मई से किया जाएगा।

इस संबंध में कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने शनिवार 3 मई को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में पत्रवार्ता आयोजित कर जानकारी दी। कलेक्टर ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार राज्य में सुशासन की स्थापना को लेकर लगातार प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। शासन-प्रशासन के हर स्तर पर यह



पत्रकारों से चर्चा करते कलेक्टर

सुनिश्चित किया जा रहा है कि शासकीय कार्यों में पारदर्शिता आए, योजनाओं और कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन हो, और इनका लाभ उन जरूरतमंद वर्गों तक समयबद्ध ढंग से पहुंचे, जिनके लिए ये योजनाएं बनाई गई हैं। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशा के अनुरूप राज्य में सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। इस तिहार का उद्देश्य आमजनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान, शासकीय योजनाओं की समीक्षा और निगरानी, विकास कार्यों में तेजी लाना, और जनता, जनप्रतिनिधियों व सामाजिक संगठनों के साथ सीधा संवाद स्थापित करना है। सुशासन तिहार का आयोजन तीन चरणों में किया जा रहा है। पहला चरण 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक आयोजित हुआ। जिसमें आम जनता से उनकी समस्याओं और मांगों से संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए हैं। ये आवेदन समाधान पेटी, शिविर और ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से लिए गए हैं। आवेदन प्राप्त करने के लिए समाधान पेटी की व्यवस्था जिला और विकासखण्ड मुख्यालय स्तर पर की गई थी। हाटबाजारों में भी आवेदनों का संग्रह किया गया है। जिले में मांग और शिकायतों के कुल 1 लाख 27 हजार 440 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 1 लाख 12 हजार 89 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है। तीसरे एवं अंतिम चरण की शुरूआत 5 मई से हो रही है, जो 30 मई तक चलेगा। इस दौरान जिले के 8 से 15 ग्राम पंचायतों के बीच एक समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। नगरीय निकायों में भी शिविर लगाए जाएंगे। जिले में कुल 43 समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिनमें ग्रामीण क्षेत्रों में 28 समाधान शिविर और शहरी क्षेत्रों में 15 समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे। समाधान शिविरों की तारीख स्थानवार पोर्टल पर उपलब्ध कराई गई है। तीसरे चरण के दौरान मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्रीगण, मंत्रीगण, मुख्य सचिव, प्रभारी सचिव और अन्य वरिष्ठ अधिकारी कुछ समाधान शिविरों में शामिल होंगे और आमजनता से सीधा संवाद करेंगे।

# श्रमिक दिवस पर कर्मचारी यूनियन ने शिकागो के शहीदों को किया नमन्

## सेवानिवृत्त कर्मचारियों को किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर- चापा

छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के तत्वाधान में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 1 मई अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर कर्मचारी भवन केरा रोड जांजगीर में विभिन्न आयोजन किए गए। इस दौरान शिकागो के शहीदों को याद करते हुए नमन् किया गया। साथ ही सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सम्मानित भी किया गया।

छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ जांजगीर चांपा के अध्यक्ष अर्जुन सिंह क्षत्री के नेतृत्व में कार्यक्रम में मुख्य रूप से सेवानिवृत्ति कर्मचारियों को शाल श्रीफल से सम्मानित किया गया। और विभिन्न विभागों के विशिष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों श्रमिकों को उत्कृष्ट सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया। सेवानिवृत कर्मचारियों में उमेंद सिंह शिक्षक अमोरा अकलतरा, रोशन लाल नमी व्याख्याता, श्रीमती विमला यादव, श्रीमति कविता तिवारी, चंद्रहास मिश्रा एवं उत्कृष सेवा के लिए। स्वास्थ्य विभाग से शउदय सिंह उराव, एस.के.चतुर्वेदी



सेवानिवृत्त कर्मचारियों का सम्मान करते कर्मचारी संघ के पदाधिकारी।

नगर पालिका जांजगीर से संतलाल महतो, जयप्रकाश राठौर, कलेक्टोरेट कर्मचारी कुंदन यादव ,शोभा केवट, महावीर राठौर, पशु चिकित्सा विभाग से ओमप्रकाश कश्यप, बी.आर.सी.पामगढ़ के तुलसी खरे, शिक्षिका श्रीमती सुनीता राय ,वाहन चालक दैनिक वेतन भोगी निर्मल दास बघेल, अभिषेक बरेठ, छात्रावास से कामेश्वर साहू, संतोष यादव, नरोत्तम केवट, ब्राह्मण नारी नव चेतना मंच से शालिनी शर्मा, जूही शर्मा, निशा मिश्रा को उत्कृष्ट सेवा के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष रेखा देवा गढ़वाल, रमेश पैगवार पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष, देवेश सिंह आर. के. थवाईत प्रांत अध्यक्ष प्रगतिशील पेंशनर्स कल्याण संघ, जयंत सिंह प्रांताध्यक्ष प्रधान पाठक मंच, आर.एस.क्षत्रिय,रविन्द्र राठौर, विकास सिंह, हेमलता शर्मा, प्रगतिशील पेंशन अध्यक्ष संतोष राठौर, रोशनलाल नेमी, प्रभाती साहू, सोहन डहरिया, विनीत स लो म न , के . सी . रा ठौ र , डी.एन.देवांगन, प्रमोद तिवारी उपस्थित थे। अर्जुन सिंह क्षत्रिय ने शिकागो के अमर शहीदों को याद करते हुए श्रमिक दिवस पर प्रकाश डालते हुए अपने हक अधिकार के लिए लड़ने और जागरूक होने पर जोर दिया।

# नालों से कछुआ की बेखौफ हो रही तस्करी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोधना

बोरदा नाला और कुकदा-रिंगनी कंजीनाला क्षेत्र, जो प्राकृतिक जैवविविधता से भरपूर माना जाता है, आजकल कछुओं की अवैध तस्करी का केंद्र बनता जा रहा है। स्थानीय ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार, इस क्षेत्र में दुर्लभ प्रजातियों के कछुए पाए जाते हैं, जिनकी अवैध रूप से पकड़कर भारी कीमत पर खरीद-बिक्री की जा रही है।

बताया गया है कि आसपास के गांवों के साथ-साथ जांजगीर से भी लोग चारपहिया वाहनों में सवार होकर इस क्षेत्र में पहुंच रहे हैं। ये लोग रात के अंधेरे में घड़ी (जाल) लगाकर कछुओं का शिकार करते हैं। सुबह होने से पहले ही ये शिकारी अपने शिकार को लेकर निकल जाते हैं, जिससे किसी को उनके बारे में जानकारी नहीं मिल पाती। इस क्षेत्र की बोरदा नाला और कंजीनाला, जैविक विविधता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। यहाँ पाए जाने वाले कछुए न केवल पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में सहायक हैं, बल्कि जल स्त्रोतों की सफाई में भी भूमिका निभाते हैं। इनका शिकार करना न केवल गैरकानूनी है, बल्कि पारिस्थितिकी तंत्र को भी गंभीर नुकसान पहुंचाता है। बोरदा निवासी कृष्ण कुमार कश्यप ने इस विषय पर चिंता जताते हुए कहा कि यह इलाका कछुओं के लिए प्राकृतिक आवास है, लेकिन पिछले कुछ समय से बाहरी लोग रात को आकर घड़ी बिछाकर कछुओं का शिकार कर रहे हैं। प्रशासन को इस पर तत्काल ध्यान देने की जरूरत है। अगर इसी तरह चलता रहा तो आने वाले समय में यहां से कछुए पूरी तरह समाप्त हो जाएंगे। ग्रामीणों का कहना है कि इस अवैध तस्करी की जानकारी कई बार वन विभाग और स्थानीय प्रशासन को दी गई, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणों ने प्रशासन से इस क्षेत्र में निगरानी बढ़ाने, रात में गश्त लगाने और तस्करों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

# किसानों ने कलेक्टर से 20 तक पानी देने की रखी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा।

अकलतरा विकासखंड के ग्राम कोटमी सोनार, अकलतरी, पिपरसत्ती के किसानों के द्वारा कलेक्टर के नाम अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर धान की फसल के लिए 20 मई तक पानी दिए जाने की मांग की है।

ज्ञापन सौंपने आए पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रदीप सोनी ने बताया कि कोटमीसोनार में ही लगभग ढाई हजार एकड़ में किसानों के द्वारा धान की फसल बोई गई है। इसी प्रकार अकलतरी, पिपरसत्ती सहित क्षेत्र के अनेक गांवों में हजारों एकड़ खेतों में धान की फसल ली जा रही है। नहर के भरोसे ही क्षेत्र के किसानों ने धान की फसल उगाई है।



कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते किसान।

अभी फसल पकने को एक माह का समय और है लेकिन बहुत से किसानों के खेत में पानी नहीं पहुंचने से उनका फसल सूख रहा है। ऐसे में 90 प्रतिशत किसानों की फसल बर्बाद होने के कगार पर है। क्षेत्र के किसानों को 20 मई तक खेतों में पानी की आवश्यकता है। किसान ने बताया कि 20 मई तक खेतों को पानी नहीं मिलने की स्थिति मे फसल नुकसान हो सकता है। ज्ञापन सौंपने वालों में जनपद सदस्य प्रतिनिधि भूखाऊ राम साहू, उप सरपंच बालू राम मनहर, पंच रहमान बेग, छोटे खान, पुनीराम यादव, श्याम सुंदर साहू, प्रेमचंद कुर्रे, मेला राम, बिहारी लाल यादव ,श्याम सुंदर जांगड़े उपस्थित थे।

### एसबीआई शाखा खोलने की मांग को लेकर किया गया पत्र व्यवहार

**बिर्रा।** भारतीय स्टेट बैंक शाखा खोलने की कार्रवाई को लेकर क्षेत्रीय प्रबंधक एवं सहायक प्रबंधक राज्य स्तरीय बैंकर्स रायपुर को पत्र जारी किया गया है। लंबे समय से सबसे बड़ी ग्राम पंचायत बिर्रा में भारतीय स्टेट बैंक शाखा खोलने की मांग को लेकर पंचायत के द्वारा लगातार पत्र व्यवहार किया गया। सरपंच श्रीमती पीलीबाई एकादशियां साहू उपसरपंच गोपाल कश्यप अपने पंचायत के साथ सुशासन तिहार शिविर में प्राप्त आवेदन प्राप्त हुआ था तथा 25 दिसम्बर को मुख्यमंत्री को एक पत्र प्रेषित गया। कार्रवाई हेतु क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय कोरबा को पत्र प्रेषित सहायक महाप्रबंधक राज्य स्तरीय बैंकर्स को भी आवश्यक कार्रवाई हेतु सूचित किया गया है।

# परशुराम जयंती पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा

**पामगढ़।** भगवान परशुराम के प्रकटोत्सव के उपलक्ष्य पर शुक्रवार को पामगढ़ में सर्व ब्राह्मण संगठन पामगढ़ क्षेत्र' द्वारा चंडी पारा श्रीराम मंदिर से लेकर तहसील कार्यालय तक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। रैली का समापन विद्या निकेतन स्कूल में जाकर हुआ, जहां विप्र समाज के लोगों द्वारा स्वस्तिवाचन मंत्रों के साथ भगवान परशुराम की महाआरती की गई। शोभायात्रा यात्रा के दौरान पामगढ़ के स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं नेता गण शामिल रहे। संगठन द्वारा 30 से अधिक भगवताचार्यों को श्रीफल, गमछा व भगवान परशुराम का चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया, साथ ही समाज के वरिष्ठ जनों को भी इसी तरह से सम्मानित किया गया। शोभायात्रा के दौरान रास्ते में व्यापारियों द्वारा जगह जगह सभी को पेयजल, ठंडा, आईसक्रीम जैसे पदार्थ लोगों की सुविधा के लिए उपलब्ध कराई गई थी। कार्यक्रम समापन के पश्चात मौजूद सभी लोगों के लिए ने भंडारे में भोजन प्रसाद की व्यवस्था की गई थी।



# एक राष्ट्र एक चुनाव पर भाजपा सक्ती द्वारा संगोष्ठी का आयोजन



संगोष्ठी कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

भारतीय जनता पार्टी सक्ती द्वारा एक देश एक चुनाव को लेकर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े भाजपा जिलाध्यक्ष टिकेश्वर गबेल सहित वरिष्ठ जन एवं जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सर्व प्रथम भारत माता दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल चित्र पर फूल माला अर्पित कर पूजा उपरांत उपस्थित अतिथि वक्ताओ ने कार्यकर्ताओं को संगोष्ठी के विषय पर सारगर्भित बाते कही। एक राष्ट्र, एक चुनाव या कहे एक साथ चुनाव किया जाना जो लोकसभा और राज्य विधानसभा के चुनावों को एक ही साथ कराने का विचार प्रस्तुत करता है। संजय रामचंद्र ने कहा देश में एक साथ चुनाव कराने से देश को आर्थिक नुकसान कम होगा। एक ही चुनाव में विधायक, सांसद एवं अन्य जनप्रतिनिधि चुने जाएंगे जिससे लोगों को बार बार वोट डालने जाने से राहत मिलेगा, उनका समय बचेगा। रामावतार अग्रवाल ने कहा- देश में एक साथ ही सारे जनप्रतिनिधि चुनकर आयेंगे तो बार बार चुनावी व्यवस्था नहीं करना पड़ेगा। राजनीतिक दलो को भी बार बार प्रचार के खर्चों से निजात मिलेगी एवं सरकारी तंत्र एवं व्यवस्थाओं पर आर्थिक हानि कम होगा। सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े ने कहा एक राष्ट्र, एक चुनाव, चुनाव लागत में कटौती के उद्देश्य से देश में सभी चुनावों को एक ही दिन या एक समय सीमा के भीतर करने के लिए भारत सरकार द्वारा विचार किया जा रहा है। जिला अध्यक्ष टिकेश्वर गवेल ने कहा कि पांच साल में सभी चुनाव एक साथ होने से देश एवं क्षेत्र के विकास में जनप्रतिनिधियों को विकाश के लिए ज्यादा समय मिलेगा शासन प्रशासन के चुनाव में होने वाले खर्च कम होगा, वह पैसा देश के विकास कार्यों पर लग सकेगा एवं पूरा पांच साल विकाश कार्यों पर ध्यान देंगे। संचालन मंडल अध्यक्ष अभिषेक शर्मा ने किया एवं अनीता सिंह ने उपस्थित सभी लोगों का आभार प्रकट किया। संगोष्ठी में पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष रामावतार अग्रवाल जिला उपाध्यक्ष संजय रामचंद्र रामनरेश यादव,जवाहर जायसवाल, प्रदीप गुप्ता, चुडामणि राठौर, आशा साव, प्रेम पटेल, जितेश शर्मा, भरत यादव, संतोष राठौर, अभिषेक शर्मा, पहलवान दास महंत, धीरेन्द्र राठौर, गेंदराम मनहर, रवि गबेल, गोविन्दा निराला, चिराग अग्रवाल , रीता पटेल अनिता गोपाल अनीता सिंह ललिता साहू सुषमा कसेर सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# अधिवार्षिकी पूर्ण होने पर दी विदाई, किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नवागढ़ में हिंदी के व्याख्याता के पद पर कार्यरत श्यामस्वरूप शुक्ला व्याख्याता को 30 अप्रैल को अधिवार्षिकी पूर्ण होने पर स्टाफ और संकुल नवागढ़ की ओर से विदाई दी गई।

विदित हो कि श्यामस्वरूप शुक्ला नवागढ़ विकासखंड के ग्राम तुलसी के निवासी है।और अपने सेवा की शुरुआत हॉयर सेकेंडरी स्कूल मिसदा से की।इसके पूर्व वे अपने सेवा केंद्रीय विद्यालय कुसमुंडा में भी दे चुके है। तत्पश्चात ये हिंदी के व्याख्याता के पद पर फरवरी 2006 में पदोन्नत होकर शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नवागढ़ में पदस्थ हुए। तब से आज तक ये इसी विद्यालय में गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान करते हुए 30 अप्रैल 2025 को अपनी अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवा निवृत हो गए। ये हिंदी के प्रकांड विद्वान थे। और साथ साथ अनेक




विषयों का अध्यापन इनके द्वारा किया जाता रहा। ये अविभाजित मध्यप्रदेश के समय शिक्षा कर्मी संघ के विकासखंड अध्यक्ष थे। तब से विभिन्न आंदोलन में इनकी सक्रिय भूमिका रहती थी। ये सरकार के विरुद्ध शिक्षक आंदोलन में जामवंत की भूमिका निभाने के रूप में परिचित थे।और आंदोलन में सरकार के दमनकारी नीति अपनाते समय सभी का हौसला बुलंद कर आंदोलन को मजबूती प्रदान करते रहे। लेकिन विडम्बना यह रही कि इसके 2018 में शासकीय सेवा में सविलियन होने के पश्चात 10 वर्ष की शासकीय सेवा पूर्ण नहीं होने के कारण परिवार पेंशन ग्रेजुवेटी सहित अनेक तात्कालिक लाभ नहीं मिल पाया।

## ग्राम पंचायत बसंपतुर मानव अधिकार आयोग की बैठक

# लोगों को जागरूकता तथा संविधान के बारे में दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

ग्राम पंचायत बसंतपुर में अपराध नियंत्रण व भ्रष्टाचार रोकथाम और मानव अधिकार आयोग की बैठक का आयोजन 3 मई को रखा गया था। बैठक में लोगों को जागरूकता एवं अपने अधिकार तथा संविधान के बारे में जानकारी देते हुए कानून से भयभीत न होकर सामंजस्य स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया।

ज्ञात हो कि शनिवार 3 मई को पंचायत भवन ग्राम पंचायत बसंतपुर में, थाना बिर्रा, में अपराध नियंत्रण व भ्रष्टाचार रोकथाम और मानव अधिकार आयोग की बैठक रखी गई। जिसमें हमारे संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष एस. डी. मानिकपुरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। जिन्होंने लोगों को जागरूकता एवं अपने अधिकार तथा संविधान के बारे में



जानकारी देते हुए लोगों को कानून से भयभीत न होते हुए बल्कि इसको सामंजस्य स्थापित करके चलने के लिए प्रोत्साहित किया। इसके साथ में उपस्थित प्रदेश सचिव अमित कुमार मनहर, प्रदेश कोषाध्यक्ष मिथिलेश पटेल, उप कोषाध्यक्ष श्रीमती चंचला पाण्डे, एचआर मैनेजर आचार्य एस. के. भँवर, अविनाश जाटवर, गणपत सिदार, राजेश भास्कर सुदामा प्रसाद चंद्रा, महेंद्र कुमार कर्ष ब्लॉक अध्यक्ष जैजैपुर, गिरिजा शंकर देवांगन, रथराम चंद्रा ब्लॉक उपाध्यक्ष जैजैपुर, लच्छी राम यादव उप सचिव बम्हनीडीह, राम कृपाल पटेल, कन्हैया लाल दुबे, मेला राम चौहान सरपंच ग्राम बसंतपुर, लक्ष्मी प्रसाद कश्यप डभरा खुर्द व ग्रामीण भारी संख्या में उपस्थित थे।

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान
डॉ. एल.सी. मढ़रिया
MBBS,MS
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया
MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन : 07752-402070, 228277,
मो. : 9826190123, 9669979123

online Booking:-www.tripuryatra.com



स्पेशल ट्रेन - 14अगस्त से 19 अगस्त (6 दिन)
श्री अयोध्या तीर्थयात्रा
प्रयागराज, वाराणसी, अयोध्या
राशि:-स्लीपर 8,500/-, 3 एसी 16,500/-, 2 एसी 22,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411